**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**

**व्यापार निरंतरता नीति**

## सामग्री


**व्यापार निरंतरता नीति** 2

1. **उद्देशिका:** 2
2. **उद्देश्य और दायरा:** 2
3. नीति 2
4. **नीति की समीक्षा:** 2
5. **प्रकटीकरण:** 3

# व्यापार निरंतरता नीति

## 1. उद्देशिका:

पावरग्रिड अपने सभी हितधारकों को निरंतर मूल्य वितरण के उद्देश्य से अपनी व्यावसायिक गतिविधियों की निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। यह व्यावसायिक निष्पादन/सेवाओं, बचाव व सुरक्षा पर न्यूनतम प्रभाव के साथ व्यवधानों (प्राकृतिक/मानव निर्मित) के सामने व्यावसायिक गतिविधियों को जारी रखने के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा।

यह व्यापार निरंतरता नीति विघटनकारी घटनाओं के प्रभाव को न्यूनतम करने के लिए पावरग्रिड की व्यापार निरंतरता प्रबंधन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए व्यापक ढांचे को परिभाषित करती है।

## 2. उद्देश्य और दायरा:

व्यापार निरंतरता नीति का उद्देश्य व्यापार को सुविधाजनक बनाना, संभावित व्यवधानों के लिए सक्षम होना और प्रभावित व्यावसायिक गतिविधि को न्यूनतम समय में पुनर्स्थापित करना है।

इस नीति का दायरा पूरी कंपनी, उसकी सहायक कंपनियों, कार्यालयों और कार्मिकों तक फैला हुआ है।

## 3. नीति:

पावरग्रिड निम्नलिखित के माध्यम से विघटनकारी घटनाओं, प्राकृतिक/मानव निर्मित आपदाओं/घटनाओं के परिणामस्वरूप उद्योग के सर्वोत्तम मानकों के अनुरूप व्यावसायिक प्रचालनों की निरंतरता सुनिश्चित करेगा:

(i) व्यापार की परिवर्तनशील पारिस्थितिकी तंत्र के कारण उद्यम जोखिम प्रबंधन ढांचे और निरंतर जोखिम मूल्यांकन का कार्यान्वयन; केपीआई-आधारित निगरानी और प्रबंधन निरीक्षण।

(ii) संभावित आपदाओं/संकटों से निपटने के लिए आपदा और संकट प्रबंधन योजना।

(iii) संसाधनों की पहचान करना, विघटनकारी घटनाओं से निपटने की तैयारी सुनिश्चित करना।

(iv) व्यापार निरंतरता को मजबूत करने के लिए आंतरिक क्षमता निर्माण पर सक्रिय रूप से काम करके हितधारकों के हितों की रक्षा करना ।

(v) अपने व्यापार संचालन के क्षेत्र में लागू कानूनों, मानकों, विनियमों और उपयुक्त प्राधिकरणों के निर्देशों के अनुसार नीति को संरेखित करना।

## 4. नीति की समीक्षा:

व्यवसाय निरंतरता नीति की समीक्षा हर पांच साल में न्यूनतम एक बार या फिर यदि आवश्यक हो तो उससे पहले की जाएगी। यह संशोधन बदलते हुए नियामक ढांचे और व्यापार गतिशीलता के साथ-साथ हितधारकों की अपेक्षाओं के अनुरूप होगा। **अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक** को इस नीति के किसी भी या सभी प्रावधानों की व्याख्या, स्पष्टीकरण, संशोधन, दोहराने, सुधारने / संशोधन या समाप्त करने का अधिकार होगा।

## 5. प्रकटीकरण:

अद्यतन नीति कंपनी की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।